तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 27 फरवरी 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



11 सुरेवाही में जनसमस्या निवारण शिविर में लोगों ...





12 संवेदनशील गांवों में कलेक्टर ने योजनाओं ...




## खबर संक्षेप

### रानीडोंगरी की छात्रा गौ विज्ञान परीक्षा में प्रथम



**चारामा।** गौ विज्ञान परीक्षा के द्वितीय चरण के परिणाम घोषित हो गए हैं, जिसमें चरामा विकासखंड के माध्यमिक शाला रानीडोंगरी की छात्रा भिनु साहू ने पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। भिनु साहू की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर शिक्षा जगत और स्थानीय ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दावे लाल उईके ने छात्रा की मेहनत की सराहना करते हुए इसे विद्यालय के लिए एक गौरवशाली क्षण बताया।

### युवक की मौत, कारण अज्ञात, मर्ग कायम

**कांकेर।** रावघाट थानांतर्गत कुर्सीपारा टोला गोंदिया निवासी 40 वर्षीय ओकार करयघने पिता रूपचंद का अज्ञात कारणों से 2 फरवरी को मौत हो गया। जिला अस्पताल नारायणपुर से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक को इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था, लेकिन उसका अज्ञात कारणों से मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### आग में जलने से हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** रावघाट थानांतर्गत वर्चे निवासी 65 वर्षीय रंजनी बाई पति मंगलूराम आग में जल गई थी। इलाज के लिए उसको अस्पताल में भर्ती किया लेकिन उसकी जान नही बच और उसकी 17 दिसंबर को मौत हो गई। जिला अस्पताल नरायणपुर से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका आग में जल गई थी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## सरेंडर : जंगल में भटक रहे माओवादियों को जान का सता रहा

# डीवीसीएम की सहयोगी मासे बारसा ने भी एके 47 के साथ किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



भाकपा माओवादी के प्रमुख देवजी के समर्पण के बाद माओवादियों के भीतर संवाद और आत्मसमर्पण की संभावनाओं को लेकर बनी यह स्थिति न केवल सुरक्षा एजेंसियों के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि क्षेत्र में शांति और पुनर्वास की दिशा में एक ठोस कदम के रूप में भी देखी जा रही है। डीव्हीसीएम की सहयोगी रही मासे ने भी बीती रात को कांकेर के छोटेबेठिया में पहुँचकर हथियार डाल दिया है। जानकारी के अनुसार उत्तर बस्तर डिवीजन सप्लाई टीम के सदस्य रानू पोड़ियाम पीएम हथियार सप्लाई के सिलसिले में अबूझमाड़ में सक्रिय डीव्हीसीएम मल्लेश के संपर्क में था। बताया जा रहा है कि मल्लेश ने सबसे पहले रानू को समर्पण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए भेजा। रानू द्वारा सकारात्मक संकेत मिलने और हरी झंडी मिलने के बाद डीव्हीसीएम मल्लेश ने भी हथियार डालने का निर्णय लिया। इस कदम को ⏭ शेष पेज 10 पर

- आत्मसमर्पण जैसे संवेदनशील मामले में प्रोटोकॉल के उल्लंघन पर जताई आपत्ति

### माओवादियों से आत्मसमर्पण करने की अपील

कांकेर पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने कांकेर जिले में बचे 22 माओवादियों से भी हिंसा छोड़कर मुख्यधारा से जुड़ने की अपील की है। उन्होने कहा कि शासन की पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वालों को नियमानुसार सहायता प्रदान की जाएगी। तीनों माओवादियों के सामाजिक मुख्यधारा में पुनः एकीकरण, पुनर्वास पैकेज तथा हथियारों की औपचारिक सुपुर्दगी से जुड़ी सभी कार्रवाई निर्धारित प्रक्रिया के तहत पूरी की जाएगी। संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात आगामी दिनों में औपचारिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की संभावना है। पुलिस के इस नंबर पर 9479194119 पर सीधे नक्सली संपर्क कर सकते है, उनको पूरी मदद की जाएगी।

### मासे के खंगाला जा रहे रिकार्ड

डीव्हीसीएम मल्लेश तथा उत्तर बस्तर डिविजन सप्लाई टीम के सदस्य रानू पोड़ियाम द्वारा साझा की गई सूचनाओं, समाज के वरिष्ठजनों और मीडिया के साथियों के सहयोग से 25 फरवरी को एक अन्य महिला माओवादी कैडर मासे बारसा ने आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास के लिए संपर्क किया। इसके बाद वह एके-47 रायफल के साथ पुलिस के समक्ष उपस्थित हुई। मासे उत्तर बस्तर में सक्रिय नहीं रही है, जिसके चलते उसका कोई स्पष्ट रिकॉर्ड अभी सामने नहीं आया है। मासे अबूझमाड़ में वर्ष 2003 से सक्रिय थी। मासे से संबंधित दस्तावेज और पृष्ठभूमि की जानकारी जुटाने के लिए नारायणपुर से समन्वय किया जा रहा है।

## बेकाबू बोलेरो ने मिर्ची लदी पिकअप को मारी टक्कर, वाहन पलटा व तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



कांकेर थाना क्षेत्र अंतर्गत मेन रोड आतुरगांव बाजार हटवारा के पास बुधवार की देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। नशे की हालत में तेज व लापरवाहीपूर्वक चल रही बोलेरो ने विपरीत दिशा में जाकर मिर्च से लदी पिकअप वाहन को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप सवार तीन युवक घायल हो गए, जबकि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर सड़क पर पलट गया। पुलिस ने मामले में आरोपी बोलेरो चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार महासमुंद जिले के बागबाहरा थाना अंतर्गत पोटरपारा निवासी 25 वर्षीय अमन जगत पिता ललित जगत ने थाना कांकेर में शिकायत दर्ज कराई है। अमन ने पुलिस को बताया कि 25 फरवरी को वह अपने रिश्ते के भाई राजा टांडी एवं साथी रोहित साहू के साथ मिर्च खरीदने पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूपी 1076 से जगदलपुर गया था। वहां से करीब दो टन मिर्च लोड कर वे जगदलपुर से अंबिकापुर की ओर रवाना हुए थे। रात ⏭ शेष पेज 10 पर






## होली के लिए आज शांति समिति की बैठक होगी

**कांकेर।** आगामी मार्च माह में होलिका दहन, होलिकोत्सव, रंग पंचमी, माता कर्मा जयंती, गुड़ी पाड़वा, चेट्रीचंड्र, ईदुल फितर, रामनवमी, महावीर जयंती सहित अप्रैल माह में डॉ. अम्बेडकर जयंती, चैत्र नवरात्रि एवं गुड फ्राइडे जैसे पर्व आयोजित होंगे। जिले में इन त्यौहारों के दौरान कानून एवं शांति सद्भाव बनाए रखने के लिए परिचर्चा एवं शांति समिति की बैठक शुक्रवार 27 फरवरी को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आहूत की गई है। उक्त बैठक में नगर के गणमान्य नागरिकों, विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

## अनियंत्रित कार के पलटने से चालक समेत 2 की मौत

**कांकेर।** ग्राम कुलगांव स्थित राइस मिल पुल के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की जान चली गई। मृतक केशकाल जिला के बोरगांव निवासी 53 वर्षीरू ओमप्रकाश कालरा अपनी कार क्रमांक सीजी 17 केजे 8609 में परिचितों को लेकर केशकाल से कांकेर की ओर आ रहे थे। एक गाड़ी को



साइड देने के प्रयास में कार अनियंत्रित हो गई। वाहन अत्यधिक तेज गति में था, जिसके कारण चालक नियंत्रण खो बैठा और कार लहराते हुए सड़क किनारे जा गिरी। डॉक्टर ने परीक्षण के उपरांत दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक ओमप्रकाश के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।




## खबर संक्षेप

### राज पर एसपी ने घोषित किया 5 हजार का ईनाम

**नारायणपुर।** एसपी ने राज धनेलिया की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को पांच हजार का ईनाम देने की घोषणा की है। पुलिस अधीक्षक ने जिले के थाना में अपराध क्रमांक 90/2025 धारा 64,62,2 एम , 65, 1 भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं धारा 04, 06 लैगिंग अपराधों से बालकों का संरक्षक अधिनियम 2012 के अंतर्गत फरार अभियुक्त नाम राज धनेलिया उर्फ़ तीर्थराज पिता दुर्गा प्रसाद धनेलिया उम्र 25 वर्ष निवासी साईकटटा थाना भानुप्रतापपुर जिला कांकेर की सूचना देने वाले व्यक्ति को 5000 रुपए का ईनाम देने की घोषणा की है।

### महिला कृषकों को आधुनिक खेती और निर्यात के लिए किया प्रशिक्षित

**कोण्डागांव।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई के मार्गदर्शन में उड़ान महिला कृषक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, चिखलपुटी में कृषि एवं निर्यात संवर्धन पर एक दिवसीय कार्यशाला–सह–प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एपीईडीए, रायपुर के एसोसिएट अशोक कुमार बोरा तथा जिला मिशन प्रबंधक, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान विनय सिंह की विशेष उपस्थिति रही। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में कृषि उत्पादों एवं लघु वनोपज के उत्पादन, प्रसंस्करण एवं निर्यात क्षमता को बढ़ावा देना रहा। प्रशिक्षण में जिले के पांचों विकासखंडों से कृषि सखी एवं पशु सखी शामिल हुईं। विशेषज्ञों द्वारा किसानों को विभिन्न फसलों की वैज्ञानिक खेती, मौसम के अनुसार फसल चयन, उत्पादन वृद्धि के उपाय तथा व्यापारिक स्तर पर क्रय–विक्रय की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान सब्जी उत्पादन, मिर्च, टमाटर सहित अन्य उद्यानिकी फसलें, वनोपज जैसे इमली, टोरा, महुआ, चिरौंजी, फल एवं फूलों के प्रसंस्करण तथा निर्यात की संभावनाओं पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग, विपणन एवं निर्यात मानकों की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य कृषकों को आत्मनिर्भर बनाते हुए कृषि आधारित आजीविका गतिविधियों से उनकी आय में वृद्धि करना तथा जिले को निर्यात क्षेत्र के रूप में विकसित करना है।

वन विभाग के कर्मचारियों ने देव खुंटा उखाड़कर फेंक, ग्रामीणों का आरोप

# जैसाकर्रा में देव खुंटा हटाने पर हल्बा समाज उग्र, दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा



विकासखंड चारामा के ग्राम जैसकर्रा में हल्बा समाज द्वारा स्थापित माँ दंतेश्वरी के देव खुंटा को वन विभाग द्वारा हटाए जाने के बाद विवाद गहरा गया है। समाज के पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने इस कार्रवाई को गलत बताते हुए कड़ी नाराजगी जताई है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार कि 26 दिसंबर को शक्ति दिवस के अवसर पर हल्बा समाज के लोगों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माँ दंतेश्वरी का देव खुंटा स्थापित किया था। यह स्थापना समाज की पारंपरिक आस्था और रीति-रिवाजों के अनुसार की गई थी। साथ ही ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वन विभाग के कर्मचारियों ने देव खुंटा को उखाड़कर फेंक दिया तथा वहां लगाया गया तिरंगा भी हटा दिया, जिससे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। इस घटना के विरोध में हल्बा समाज के लोग एकत्रित हुए और रैली के माध्यम से तहसील कार्यालय पहुंचे। इस दौरान समाज के लोगों ने जोर-शोर से नारेबाजी करते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष इस रैली में शामिल हुए। तहसील कार्यालय पहुंचकर समाज के प्रतिनिधियों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा और देव खुंटा को पुनः स्थापित कराने की मांग की। समाज प्रमुख ठाकुर राम कश्यप ने कहा कि यह क्षेत्र अनुसूचित क्षेत्र के अंतर्गत आता है और यहां पेसा कानून लागू है। जल, जंगल और जमीन पर आदिवासी समाज का पारंपरिक अधिकार है। समाज अपने पूर्वजों की परंपराओं का पालन करते हुए देवी-देवताओं की स्थापना करता आया है और आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति से अवगत कराने के लिए ऐसे आयोजन करता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि समाज अपने अधिकारों के लिए खड़ा है। यदि आगामी 26 फरवरी तक देव खुंटा को पुनः स्थापित नहीं किया गया तो समाज उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। विजय ठाकुर ने वन विभाग की कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा कि हल्बा समाज जल, जंगल और जमीन का रक्षक है। पेसा कानून लागू होने के बावजूद इस प्रकार की कार्रवाई करना अशोभनीय है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर उचित समाधान निकालने की मांग की। ग्राम की महिलाओं ने भी अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर देव खुंटा स्थापित किया गया था, लेकिन बिना सूचना उसे हटा दिया गया। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही देव खुंटा को पुनः स्थापित नहीं किया गया तो वे भी आंदोलन को और तेज करेंगी। इस मामले में डीएफओ रौनक गोयल से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि वन भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई नियमानुसार की गई है और ग्रामीणों को समझाईश देते हुए निर्देश दिया गया है।

# समय–सीमा बैठक में सम्पूर्णता अभियान की गहन समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित समय–सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई द्वारा सम्पूर्णता अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अभियान के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों एवं विभिन्न इंडिकेटर्स की विभागवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग निर्धारित समय–सीमा के भीतर शत–प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि सम्पूर्णता अभियान की सफलता नियमित मॉनिटरिंग, मैदानी अमले की सक्रियता तथा विभागों के आपसी समन्वय पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी अधिकारियों को पूरी गंभीरता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत अविनाश भोई ने निर्देशित किया कि जमीनी स्तर पर संचालित गतिविधियों की प्रतिदिन रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाए तथा की गई कार्यवाही की सम्पूर्ण और समयबद्ध एंट्री पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए। सीईओ ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब को गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ शेष लक्ष्यों की पूर्ति के लिए विशेष अभियान चलाएं तथा प्रत्येक गतिविधि से संबंधित फोटो, प्रगति विवरण एवं आवश्यक दस्तावेज समय पर प्रस्तुत करें। अंत में कलेक्टर नूपुर ने अधिकारियों से अपेक्षा की कि सम्पूर्णता अभियान को जन–जन तक पहुंचाते हुए जिले को सभी निर्धारित मानकों में उत्कृष्ट स्थान दिलाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने का आव्हान किया।

■ नियमित मॉनिटरिंग और विभागीय समन्वय पर दिया जोर

# आदिवासी नेता ठाकुर की मौत का मुद्दा विस में गूंजा, सावित्री मंडावी ने उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

विधानसभा के बजट सत्र के तृतीय दिवस कांकेर जिले के चर्चित आदिवासी नेता स्व. जीवन ठाकुर की न्यायिक अभिरक्षा में हुई मृत्यु का मामला सदन में प्रमुखता से उठाया गया। भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ मिलकर इस विषय को ठोस तथ्यों के आधार पर विधानसभा में रखा और मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की।

ग्राम मयाना निवासी जीवन ठाकुर एवं उनके पुत्र को 12 अक्टूबर 2025 को आबादी जमीन से जुड़े एक प्रकरण में गिरफ्तार कर जिला जेल कांकेर भेजा गया था। आरोप है कि 2 दिसंबर 2025 को बिना पूर्व सूचना, बिना मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र और बिना परिजनों को सूचित किए जीवन ठाकुर को केंद्रीय जेल रायपुर स्थानांतरित कर दिया गया। इसके बाद 4 दिसंबर 2025 को उनकी मृत्यु हो गई।



विधायक सावित्री मंडावी ने सदन में कहा कि मृत्यु की परिस्थितियां संदिग्ध प्रतीत होती हैं और यह मानवाधिकार कानून तथा जेल मैनुअल के प्रावधानों के उल्लंघन का मामला हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि परिवार को मृत्यु की सूचना समय पर नहीं दी गई। उनका कहना था कि सुबह 7:45 बजे मृत्यु होने के बावजूद शाम 5 बजे सूचना देना कानूनन अपराध है, क्योंकि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 176(1 ए) के तहत ऐसी स्थिति में परिजनों को तत्काल सूचना देना आवश्यक है।

■ जीवन ठाकुर की न्यायिक अभिरक्षा में हुई थी मौत, उच्चस्तरीय जांच की मांग

गृहमंत्री ने अपने जवाब में कहा कि मृत्यु की सूचना दूरभाष के माध्यम से तत्काल दी गई थी और किसी भी प्रकार की जानकारी छिपाई नहीं गई है। साथ ही उन्होंने बताया कि विचाराधीन बंदी जीवन ठाकुर की मृत्यु 4 दिसंबर 2025 को डॉ. भीमराव अंबेडकर मे मो रि य ल अस्पताल, रायपुर में उपचार के दौरान हुई। मामले में जांच के संबंध में गृहमंत्री ने लिखित उत्तर में बताया कि सर्व आदिवासी समाज द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन के आधार पर अपर कलेक्टर कांकेर की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की गई थी, जिसने 8 जनवरी 2026 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। इसके अतिरिक्त महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं छत्तीसगढ़ को संबोधित आवेदन पर सहायक जेल महानिरीक्षक के माध्यम से भी जांच कराई गई, जिसकी रिपोर्ट 13 फरवरी 2026 को प्रस्तुत की गई है। परिजनों के पत्र के आधार पर भी जांच प्रक्रिया जारी है। गृहमंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्षी विधायकों, विशेषकर सावित्री मंडावी और भूपेश बघेल ने विधानसभा स्तरीय समिति से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। इस मुद्दे को लेकर सदन में गंभीर चर्चा हुई और आदिवासी समाज में भी इस मामले को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है।

# किसान, महिला, युवा व बेरोजगारों को राहत, 23 नए उद्योगों की होगी स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जयंत अटभैया ने कहा कि सरकार का पहला बजट ज्ञान गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी विषय पर आधारित था, जबकि पिछले वर्ष का बजट गति सुशासन, अवसंरचना में तेजी लाना, प्रौद्योगिकी और औद्योगिक विकास पर केंद्रित था। इस साल का बजट संकल्प समग्र विकास, अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अंत्योदय, आजीविका और नीति से परिणम तक पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य राज्य की विकास यात्रा को तेज करना है। बजट में निवेश और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए 23 नए औद्योगिक पार्क स्थापित करने के लिए 250 करोड़ रुपए का प्रावधान भी किया गया है। सरकार रानी दुर्गावती योजना शुरू करेगी, जिसके तहत 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर लड़कियों को 1.5 लाख रुपए मिलेंगे। बस्तर में इंद्रावती नदी पर मतनार और देउरगांव बांधों के निर्माण के लिए बजट में 2,024 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जो कभी नक्सलियों का गढ़ हुआ करता था।

### बजट विकास यात्रा को तेज करेगा

भाजपा नेता दीपक खटवानी ने कहा कि इस साल का बजट संकल्प समग्र विकास, अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अंत्योदय, आजीविका और नीति से परिणम तक पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य राज्य की विकास यात्रा को तेज करना है। इस बार बजट का थीम संकल्प रखा गया है, कुल बजट आकार 1.72 लाख करोड़ रुपए है। बजट में शिक्षा पर जोर दिया गया, जिसमें अबूझमाड़ और जगरगुंडा में दो नई एजुकेशन सिटी बनाने का प्रावधान किया गया है। इन सिटी के लिए 100 करोड़ रुपए का विशेष प्रावधान शामिल है। विकास यात्रा का केंद्र इस बार ज्ञान और गति रहा। बजट में किसानों को ब्याज मुक्त कर्ज देने की घोषणा की गई, वहीं 18 वर्ष पूरे होने पर बालिकाओं को डेढ़ लाख रुपए दिए जाएंगे। प्रदेश में 23 नए उद्योग खुलेंगे और पांच शहरों के एयरपोर्ट पर शोरूम बनाए जाएंगे। इसके अलाव बस्तर के अंदरूनी इलाकों में बस सेवा शुरू की जाएगी और अबूझमाड़-जगरगुंडा में दो एजुकेशन सिटी बसाई जाएंगी।

### पांच मिशनों के लिए 100 करोड़ का प्रावधान है : राजीव लोचन

भाजपा के जिला प्रवक्ता राजीव लोचन ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार अब 5 प्रमुख मिशन पर काम करेगी, जिसमें मुख्यमंत्री एआई मिशन, मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन, मुख्यमंत्री खेल उत्कृष मिशन, मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन और मुख्यमंत्री स्टार्टअप और निपुण मिशन शामिल हैं। हर मिशन के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग को 22 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि मिली है, जो सभी विभागों में सबसे ज्यादा है। स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट शाला योजना के लिए 100 करोड़ का प्रावधान। सरकार का यह तीसरा बजट विकसित और समृद्ध छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए सरकार के विजन को नई मजबूती प्रदान करेगा। अबूझमाड़ और जगरगुंडा में एजुकेशन सिटी की स्थापना के लिए 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसका उदेश्य नक्सलवाद के गढ़ कहे जाने वाले अबूझमाड़ और जगरगुंडा में शिक्षा के केंद्र बिंदु के रूप में विकसित करना।

### बजट ज्ञान और गति के बाद संकल्प के थीम पर केंद्रित

भाजपा के वरिष्ठ नेता नीलू तिवारी ने कहा कि सरकार का तीसरा बजट ज्ञान और गति के बाद संकल्प के थीम पर आधारित है जिसका अर्थ समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अंत्योदय, लाइवलीहुड, पॉलिसी से परिणाम तक है। साइबर क्राइम पर रोकथाम के लिए 5 नए साइबर थानों का प्रदेश में होगा निर्माण, 15 नए पुलिस थाना बनेंगे महिला थानों की संख्या बढ़ेगी। बस्तर क्षेत्र के अबूझमद और जगारगुंडा में शिक्षा शहरों के निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग को सबसे ज्यादा 22 हजार करोड़ की राशि मिली है। स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट शाला योजना के लिए 100 करोड़ का प्रावधान है। वनों के संरक्षण के लिए 930 करोड़ का प्रावधान किया गया है। 1 हजार पदों पर भर्ती होगी।

# मोबाइल और एटीएम किया पार निकाले पैस एवं कार्ड रख दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केंवटी में चोरी का एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहाँ एक शातिर चोर ने न केवल चाय-नाश्ते की दुकान में सेंधमारी कर मोबाइल और एटीएम कार्ड चोरी किया, बल्कि एटीएम से पैसे निकालने के बाद कार्ड को वापस उसी स्थान पर रख दिया। घटना की जानकारी तब हुई जब पीड़ति के पास मोबाइल पर ट्रांजेक्शन का मैसेज आया।

■ शातिर चोर की गजब की कारस्तानी

चोरी की शिकायत करने पहुंचे ग्राम केंवटी निवासी 31 वर्षीय तामेश्वर साहू ने पुलिस को बताया कि वह गांव में ही चाय-नाश्ते की दुकान चलाते हैं। वह 22 फरवरी कि रात 7 बजे से साढ़े 11 बजें बीच अज्ञात चोर दुकान के पीछे का दरवाजा खोलकर अंदर दाखिल हुआ। चोर ने काउंटर के पास चार्जिंग पर लगा मोबाइल कीमत लगभग 11 हजार 500 रुपएं और दराज में रखा एटीएम कार्ड पार कर दिया। पीड़ति को चोरी की भनक तब लगी जब रात करीब 11:56 बजे उनके मोबाइल पर केंवटी स्थित



एटीएम से 3 हजार रूपएं निकलने का मैसेज आया। जब तामेश्वर ने दुकान की तलाशी ली, तो मोबाइल गायब था। हैरानी की बात यह रही कि चोर ने पैसे निकालने के बाद एटीएम कार्ड को वापस लाकर उसी दराज में रख दिया था, जहां से उसने चोरी किया था। पीड़ति ने पहले अपने स्तर पर खोजबीन की, लेकिन सफलता न मिलने पर 26 फरवरी को थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। भानुप्रतापपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस अब एटीएम और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि इस शातिर चोर का पता लगाया जा सके।

# मोतियाबिंद आपरेशन के लिए मरीज रायपुर जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

समाज कल्याण विभाग द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हांकित जनो को कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार प्रथम चरण में 27 फरवरी शुक्रवार को रायपुर एम्स के लिए रवाना किया जाएगा। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित अटल अभ्युदय योजना अंतर्गत वृद्धजनों मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन एम्स रायपुर में किया जा रहा है।

उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि इसके लिए 50 वृद्धजनों के निःशुल्क ऑपरेशन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके प्रथम चरण में नरहरपुर एवं भानुप्रतापपुर ब्लॉक के 15 वृद्धजनों को समाज कल्याण एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ ऑपरेशन के लिए भेजा जाएगा जहां उनके आवासीय एवं भोजन सहित आवश्यक जांच पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के पश्चात 7 दिनों के बाद फॉलोअप के लिए भी ले जाया जाएगा। सभी हितग्राहियों को निर्धारित स्थल पर निःशुल्क वाहन व्यवस्था की गई है। भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के चिन्हांकित वृद्ध मरीजों को स्वास्थ्य केन्द्र कोरर तथा नरहरपुर विकासखण्ड चिन्हांकित मरीजों को जनपद पंचायत कार्यालय में सुबह 08 बजे उपस्थित रहने कहा गया है।

# चारामा कालेज में बजट पर की गई परिचर्चा



**चारामा।** परिचर्चा में सर्वप्रथम विद्यार्थियों को बजट से सम्बंधित विभिन्न शब्दावलिओं, जैसे संचित निधि, आकस्मिकता निधि, लोक निधि, राजस्व बजट, पूंजीगत बजट, अंतरिम बजट, आधिक्य बजट, संतुलित बजट, घाटे का बजट, लेखानुदान, वित्त विधेयक, विनियोग विधेयक तथा बजट बनाने की प्रक्रिया से अवगत कराया। विद्यार्थियों को विधान सभा में प्रस्तुत राज्य के बजट के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान कि गई। घरेलू ऊर्जा सब्सिडी और शिक्षा सहायता जैसी योजनाओं पर जोर, स्वास्थ्य एवं शैक्षिक बुनियादी ढांचे में विस्तार के प्रावधान निश्चित रूप से लोगों के जीवन स्तर में सुधार और व्यापक विकास के प्रयास हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केके मरकाम ने कहा कि 2025-26 बजट छत्तीसगढ़ के आर्थिक सर्वेक्षण में जीएसडीपी वृद्धि, कृषि और उद्योग विकास को ध्यान में रखता है। राज्य की अर्थव्यवस्था में संतुलित वृद्धि और प्रति व्यक्ति आय में सुधार देखा गया है, जो इसे विकास-भावना वाला बजट बताता है।

सिंचाई जलकर वसूली में गड़बड़ी का आरोप, बिल में बकाया दर्शाने की शिकायत

# सिंचाई पुस्तिका के नाम पर तीस रुपये वसूली, किसान ने की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना




जिले के ग्राम सरोना के एक सीमांत किसान की मुख्यमंत्री से शिकायत किए जाने के बाद ग्राम पंचायत भवन सरोना में अधिकारियों ने मामले की जाँच किया। किसान का आरोप था कि नहर-नाली से सिंचाई के नाम पर कथित गलत बिलिंग, बकाया राशि में हेरफेर और सिंचाई पुस्तिका के लिए 30 रूपएं की अवैध वसूली किया गया है। जाँच का खुलासा अभी नहीं हुआ है, किसान ने कार्यवाही की माँग किया है।

■ आरोप की जांच के बाद ही होगा खुलासा

सरोना निवासी सीमांत किसान भारत निषाद पिता जेठूराम निषाद ने जल संसाधन विभाग के एक कर्मचारी पर दुधावा बांध से जुड़ी सिंचाई व्यवस्था में अनियमितता और अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार ग्राम सरोना क्षेत्र में स्थित दुधावा बांध से किसानों को नहर-नाली के माध्यम से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, जिसके एवज में प्रत्येक सीजन विभागीय बिल के आधार पर शुल्क वसूला जाता है। किसान ने बताया कि 3 फरवरी 2026 को उन्हें वर्ष 2025 की खरीफ फसल के लिए सिंचाई बिल प्राप्त हुआ, जिसमें पूर्व की बकाया राशि दर्शाई गई थी। उनका दावा है कि उन्होंने पहले ही समस्त देय राशि का भुगतान कर दिया है और उसके प्रमाण स्वरूप जमा रसीदें भी उपलब्ध हैं। इसके बावजूद, बिल में सुधार नहीं किया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार बिल की त्रुटि सुधार के लिए जब वे सिंचाई विभाग कांकेर के कर्मचारी से मिले, जो उस समय ग्राम पंचायत सरोना परिसर में उपस्थित थे, तो रसीद दिखाने के बाद भी बिल में कोई संशोधन नहीं किया गया। आरोप है कि कर्मचारी ने वास्तविक बकाया शेष न होने के बावजूद राशि जमा करने का दबाव बनाया। इसके अतिरिक्त, शिकायत में 27 जून 2025 को सिंचाई पुस्तिका बनवाने के नाम पर प्रति किसान 30 रुपए की वसूली का उल्लेख है। किसान का कहना है कि उनसे भी राशि ली गई, लेकिन आज तक सिंचाई पुस्तिका प्रदान नहीं की गई। पूछताछ करने पर कथित रूप से यह कहकर टाल दिया गया कि पैसा नहीं दिया गया होगा, इसलिए पुस्तिका नहीं बनी। इन तथ्यों के आधार पर किसान ने विभागीय स्तर पर अनियमितता और अवैध वसूली की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच और संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि बिलों में त्रुटियां और पुस्तिका वितरण में लापरवाही की शिकायतें सही पाई जाती हैं, तो इससे न केवल किसानों पर आर्थिक बोझ पड़ेगा, बल्कि शासन की योजनाओं की पारदर्शिता पर भी प्रश्न उठेंगे। क्षेत्र के किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि सिंचाई बिलों का पुनः सत्यापन कराया जाए और वसूली प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी बनाया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की समस्याओं की पुनरावृत्ति न हो और किसानों का भरोसा बहाल किया जा सके।

## पेज 9 के शेष...

### डीवीसीएम की सहयोगी ...

माओवादी संगठन के भीतर बदलते माहौल और दबाव के रूप में देखा जा रहा है। इसी क्रम में डीव्हीसीएम के साथ काम करने वाली महिला कैडर मासे बारसा ने भी बीती रात एके-47 रायफल के साथ हथियार डाल दिए। बताया जा रहा है कि कुछ लोगों द्वारा श्रेय लेने की होड़ में मासे की हथियार के साथ फोटो वायरल कर दी गई, जिससे पुलिस अमले में नाराजगी भी देखने को मिली। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि आत्मसमर्पण जैसी संवेदनशील प्रक्रिया में गोपनीयता और तय प्रोटोकॉल का पालन बेहद जरूरी होता है, ताकि न केवल आत्मसमर्पण करने वाले की सुरक्षा सुनिश्चित हो, बल्कि भविष्य में ऐसे अन्य प्रयासों को भी बल मिल सके।

### बेकाबू बोलेरो ने...

करीब 11 बजे जब उनका पिकअप वाहन मेन रोड आतुरगांव बाजार हटवारा के पास पहुंचा, तभी कांकेर की ओर से आ रही बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 13 सीए 0142 के चालक ने नशे की हालत में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उतावलेपन में लहराते हुए विपरीत दिशा में आकर पिकअप को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप सड़क पर पलट गई। हादसे में अमन जगत के दाहिने हाथ और कंधे में चोट आई, जबकि पिकअप में सवार राजा टांडी के सिर, कंधे और हाथ में तथा रोहित साहू के सिर, कंधे और शरीर में अंदरूनी चोटें आई हैं। तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं पिकअप वाहन को भी भारी नुकसान पहुंचा है। शिकायत के आधार पर थाना कांकेर पुलिस ने आरोपी बोलेरो चालक के खिलाफ धारा 125 (ए) एवं 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### एसआईआर को लेकर कांग्रेस की हुई बैठक

**जगदलपुर।** राजीव भवन में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य की अध्यक्षता में एसआईआर को लेकर बैठक आहुत की गई। जिसमें आगामी संगठनात्मक कार्यों एवं रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में बस्तर जिले के समस्त बीएलए व कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### घरेलू हिंसा, लैंगिक उत्पीड़न और मानव तस्करी पर कार्यशाला

**जगदलपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं संरक्षण को लेकर बस्तर जिला पंचायत स्थित सभा कक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की विषय-वस्तु घरेलू हिंसा कानून, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम तथा महिलाओं और बच्चों की ट्रैफिकिंग की रोकथाम रही। जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार सिन्हा, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बताया गया कि यह कार्यशाला विभिन्न विभागों के समन्वय से आयोजित की गई है, जिसमें जिला पंचायत विभाग, पुलिस विभाग, श्रम विभाग और समाज कल्याण विभाग शामिल हुए। प्रतिभागियों में जेंडर मास्टर ट्रेनर संगवारी जेंडर रिसोर्स सेंटर एनआरएलएम के क्रेडर, नारी अदालत समिति के सदस्य, सखी वन स्टॉप सेंटर एवं हब के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

### शिविर में 62 आवेदन प्राप्त, संबंधित विभागों को निराकरण के निर्देश

# सुरेवाही में जनसमस्या निवारण शिविर में लोगों की समस्याओं का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अंतागढ़ विकासखंड के सुदूर वनांचल में स्थित ग्राम सुरेवाही में गुरूवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। जिले के कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, जिला पंचायत सीईओ हरेश मण्डावी, अपर कलेक्टर सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तर के अधिकारी इस शिविर में मौजूद रहे। शिविर में 62 आवेदन प्राप्त हुए, जिसके विधिवत निराकरण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

जनसमस्या निवारण शिविर में कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने शिविर में आम लोगों की समस्याओं का निराकरण करते हुए कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों के ग्रामीण अपनी समस्यायें प्रशासन तक नहीं पहुंचा पाते, इसलिए उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए ऐसे जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, प्रशासन स्वयं गांव तक पहुंच कर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण कर रही है। उन्होंने



बताया कि इस शिविर में मुख्यतः छात्रावास, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं भवन निर्माण से संबंधित मांगें प्राप्त हुई हैं, जिन्हें शासन स्तर पर भेजा जाएगा। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पोरोण्डी में वृहद पुल निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है, इसके लिए शासन द्वारा लगभग 895 लाख 62 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है, आगामी मार्च महीने से इस पुल का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। पोरोण्डी में पुल के बन जाने से क्षेत्र के लगभग 20 से 25 गांव के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि टेमरूपानी से कोदागांव सड़क निर्माण की स्वीकृति भी मिल चुकी है तथा चारगांव में अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने की पहल भी की जा रही है। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर के सभी निर्माण कार्यों के लिए ग्राम पंचायतों को एजेंसी बनाया जाता है तथा इन कार्यों की स्वीकृति सांसद, विधायक सहित जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा से मिलती है। इसलिए ऐसे सभी कार्य ग्राम पंचायत के माध्यम से ही कराए जाए, किस ठेकेदार के माध्यम से नहीं, इससे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित होगी। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी ने जनसमस्या निवारण शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि शिविर में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित है। ग्रामीणजन अपनी समस्या, मांग से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करें। व्यक्तिगत मांग जैसे- राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास इत्यादि से संबंधित आवेदन भी प्रस्तुत किए जा सकते हैं। प्राथमिकता के आधार पर उनका निरारण किया जाएगा। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी आवेदनों का निरारण पात्रतानुसार सुनिश्चित किया जाए। जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम सुरेवाही निवासी रायसिं दुग्गा को प्रोटिनयुक्त आहार फुडबॉक्स प्रदाय किया गया तथा ग्राम नवागावड़े गांव के मंशाराम तथा ग्राम धुमर के सुद्धूराम और झाड़ूराम को प्रधानमंत्री आवास की चाबी सौंपा गया एवं सुरेवाही के राजोन्तीन बाई, गांडोराम, मोहन लाल तथा बृजलाल को समाज कल्याण विभाग द्वारा सहायक उपकरण प्रदाय किया गया। सुकन्या समृद्धि योजना के विशेष अभियान का शुभारंभ किया गया, जिसके तहत जिले के 11 हजार बालिकाओं का बैंक खाता खुलवाने का लक्ष्य रखा गया है।

जनसमस्या निवारण शिविर को जनपद अध्यक्ष अंतागढ़ मनोरमा मण्डावी एवं ग्राम पंचायत के सरपंच श्रवण दुग्गा ने भी संबोधित किया। शिविर में नगर पंचायत अंतागढ़ के अध्यक्ष राधेलाल नाग, जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष कुबल भुसाखरे, क्षेत्र के जनपद सदस्य, सरपंच एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कारेकट्टा पंचायत सचिव पर भ्रष्टाचार के आरोप, ग्रामीणों ने हटाने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

सचिव ग्राम पंचायत कारेकट्टा की कार्यप्रणाली से त्रस्त होकर ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों ने पंचायत सचिव के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया। ग्रामीणों ने सचिव अनुतोष मण्डल पर गंभीर भ्रष्टाचार और सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप लगाते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पखांजूर को पंचायत सचिव को स्थानांतरण करने के लिए ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण अनिमा मंडल, देवलाल, शांति, प्रतिम, मन्नू नुरेटि, सुखलाल एवं अन्य ग्रामीणों ने सचिव अनुतोष मण्डल पिछले 20 वर्षों से इसी पंचायत में पदस्थ हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि लंबे समय तक एक ही स्थान पर टिके रहने के कारण वे अपनी शक्तियों का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। सचिव पर आरोप है कि वे स्वयं की पत्नी के नाम से जीएसटी बिल बनाकर सरकारी राशि का मनमाने ढंग से आहरण कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सचिव मुख्यालय में उपस्थित नहीं रहते और शासन की योजनाओं की सही जानकारी जनता तक नहीं पहुँचाते। नवनिर्वाचित पंचों को बिना जानकारी दिए और बिना कार्य कराए ही सचिव द्वारा रजिस्टर में हस्ताक्षर कराकर 15वें वित्त योजना और पानी टंकी जैसे कार्यों की राशि निकालने का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि सचिव अपनी मर्जी से काम कर रहे हैं, जिससे पंचायत के विकास कार्यों में बाधा आ रही है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने दो टूक शब्दों में कहा है कि यदि सचिव का स्थानांतरण जल्द नहीं किया गया और उनके विरुद्ध उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान सरपंच, उपसरपंच और ग्रामीणों मौजूद रहे।

# केंवटी व अंतागढ़ के आर्मी कैंप में प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सशस्त्र सीमा बल की 33 वीं वाहिनी केवंटी एवं 28 वीं वाहिनी अंतागढ़ में स्थित आर्मी कैंप में प्राथमिक सहायता एवं सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।



राज्य मुख्यालय एवं कलेक्टर सह अध्यक्ष निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, सचिव डॉ आरसी ठाकुर के आदेशानुसार वर्तमान परिस्थितियों में लगातार हो रहे कार्डियो अरेस्ट के मामलों को देखते हुए हर वर्ग को प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण दिया जाना है, जिससे सही समय में मदद मिल सके और व्यक्ति की जान बच जाए। आर्मी जवानों को प्रशिक्षण का उद्देश्य जवानों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्राथमिक उपचार प्रदान करने हेतु सक्षम बनाना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. चामेंद्र भेड़िया द्वारा सीपीआर का विस्तृत व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। हृदय गति रुकने या श्वास बंद होने की स्थिति में अपनाई जाने वाली सही तकनीकों की जानकारी देते हुए स्वयं अभ्यास कराकर जवानों को प्रशिक्षित किया। इसके साथ ही अनुपम जोफर द्वारा रेडक्रॉस के इतिहास, सिद्धांतों एवं वर्तमान गतिविधियों पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि आपदा एवं आपातकालीन स्थितियों में रेडक्रॉस की भूमिका किस प्रकार महत्वपूर्ण होती है तथा मानवीय सेवा के क्षेत्र में इसके सात मूल सिद्धांत किस प्रकार मार्गदर्शक हैं।

प्रशिक्षक प्रदीप कुमार सेन और जीआर साहू ने प्राथमिक उपचार में उपयोग होने वाली विभिन्न प्रकार की पट्टियों बैंडेज के सही उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने जवानों को यह भी सिखाया कि सीमित संसाधनों की स्थिति में किस प्रकार चादर, बांस, रस्सी, कपड़ा अथवा शर्ट का उपयोग कर अस्थायी स्ट्रेचर तैयार किया जा सकता है तथा घायल व्यक्ति को सुरक्षित तरीके से एक स्थान से दूसरे स्थान तक कैसे पहुंचाया जाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आर्मी कैंप के कमांडेंट अरुण देवगन, कमांडेंट प्रियव्रत शर्मा, मेडिकल ऑफिसर डॉ. अश्वनी झा एवं डॉ. पंकज कुमार तेवतिया, सदस्य राजेंद्र नेताम की उपस्थिति रही।

# शिविर में बच्चों को शिक्षा प्रशिक्षण सह सामग्री का किया गया वितरण



**पखांजूर।** विकासखंड कोयलीबेड़ा में दिव्यांग बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और उनकी शिक्षा को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए एक दिवसीय समावेशी शिक्षा प्रशिक्षण सह सामग्री वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों, उनके पालकों और शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों एवं गतिविधियों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक बीआरपी धर्मेन्द्र कस्तूरे एवं युपेंद्र कस्तूरे ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चों को समाज का एक योग्य नागरिक बनाने में पालक और शिक्षक की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने आईडी फिक्सेशन और बच्चों के बौद्धिक स्तर के अनुरूप शिक्षण देने की बारीकियों पर प्रकाश डाला, ताकि इन बच्चों को शून्य से उठाकर समाज के शीर्ष तक पहुँचाया जा सके। ब्लॉक के लगभग 120 बच्चों और उनके अभिभावकों की उपस्थिति में बच्चों के बौद्धिक विकास पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में खंड शिक्षा अधिकारी देवकुमार शील एवं खंड स्त्रोत समन्वयक विप्लव बैनर्जी के द्वारा जरूरतमंद बच्चों को ट्राई-साइकिल, श्रवण किट, विशेष चश्मा का वितरण किया गया। इस सराहनीय पहल में पालकों की ओर से रविशंकर राणा, शान्ति यादव, श्वेता विश्वास, गरिमा नाग और राहुल कोवाची ने सक्रिय सहभागिता दिखाई। वहीं शिक्षा जगत से प्रकाश चन्द् कांगे, लालमन पटेल, लोकेश मिश्रा, संगीता मजूमदार और गौरचन्द हालदार सहित अनेक शिक्षकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। शिविर के अंत में सभी बच्चों और पालकों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। इस आयोजन ने न केवल बच्चों को संबल प्रदान किया, बल्कि समाज में समावेशी शिक्षा के प्रति एक सकारात्मक संदेश भी प्रसारित किया।

# जिले के 7930 श्रमिकों को मिली 2.29 करोड़ रुपए की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

> ■ अंतागढ़ श्रमिक सम्मेलन सांसद भोजराज नाग की उपस्थिति में हुआ

छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग के निर्देशानुसार श्रमिक सम्मेलन-2026 का आयोजन सामुदायिक भवन अंतागढ़ में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद भोजराज नाग उपस्थित थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अंतागढ़ के अध्यक्ष राधेलाल नाग द्वारा की गई।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एवं छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अन्तर्गत विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के श्रमिक व उनके परिवार के सदस्यों को डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर के माध्यम से राशि हस्तांतरित कर लाभान्वित किया गया। श्रमिक सम्मेलन में उपस्थित



सांसद ने सभी उपस्थित श्रमिकों और उनके परिजनों को विभाग में संचालित योजनाओं का लाभ लेने का अव्हान किया। साथ ही योजनाओं के संबंध में जागरूक होने की बात कही।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का अधिक से अधिक लाभ उठाने की बात कही। श्रम पदाधिकारी ने जानकारी दी है कि श्रमिक सम्मेलन में जिले के कुल 7930 श्रमिकों को कुल 02 करोड़ 29 लाख 17 हजार 100 रूपएं से लाभान्वित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना में 101 हितग्राहियों को 20 लाख 20 हजार रूपए, मिनीमाता महतारी जतन योजनांतर्गत 89 महिला हितग्राहियों को 17 लाख 80 हजार रूपए, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना में 50 हितग्राहियों को 2 लाख 59 हजार 100 रूपये, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजनांतर्गत 28 हितग्राहियों को 5 लाख 60 हजार रूपये, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत 19 श्रमिकों के उत्तराधिकारियों को 01 करोड़ 90 लाख रूपए एवं मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजनांतर्गत 4 श्रमिकों को 04 लाख रूपए, दीदी ई-रिक्शा सहायता योजनांतर्गत 01 महिला हितग्राही को 01 लाख रूपये डायरेक्ट बेनीफिट ट्रान्सफर के माध्यम से प्रदाय किया गया।

# बच्चों को मिला आत्म-सुरक्षा व बाल अधिकारों का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिला प्रशासन, यूनिसेफ, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं बीजादूतीर के संयुक्त तत्वावधान में भोपालपटनम ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोतापल्ली स्थित प्राथमिक विद्यालय में बाल सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं आत्म-सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना था। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरुआत बाल संरक्षण पर आधारित लघु फिल्म कोमल के प्रदर्शन से हुई। फिल्म के माध्यम से बच्चों को गुड टच एवं बैड टच के बीच का अंतर सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया गया। बच्चों को यह संदेश दिया गया कि किसी भी प्रकार का असहज स्पर्श होने पर वे चुप न रहें, बल्कि तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षक या किसी विश्वसनीय व्यक्ति को इसकी जानकारी दें। बीजादूतीर स्वयंसेवकों द्वारा बच्चों को बाल अधिकारों, शिक्षा के महत्व एवं आत्म-सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही विद्यालय में स्थापित पॉक्सो बॉक्स के बारे में बताते हुए बच्चों को अपनी समस्याओं या शिकायतों को बिना डर दर्ज करने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों को बाल श्रम के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए शिक्षा को प्राथमिकता देने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि यह निःशुल्क एवं 24 घंटे उपलब्ध सेवा है, जिसके माध्यम से बच्चे किसी भी प्रकार की समस्या या खतरे की स्थिति में सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

# चिरायु योजना से ग्राम देवडोंगर के दो वर्ष के पूरन निषाद को मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

शासन की महत्वाकांक्षी चिरायु योजना जिले में लगातार सफलता की नई कहानियां लिख रही है। योजना के माध्यम से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे बच्चों को समय पर पहचान और बेहतर उपचार मिल रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड नरहरपुर के ग्राम देव डोंगर निवासी सगाराम के दो वर्षीय पुत्र पूरन निषाद को नया जीवन मिला है।



पूरन निषाद आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत है। नियमित भ्रमण के दौरान चिरायु टीम ए नरहरपुर ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच के दौरान टीम को बच्चे में हृदय रोग के लक्षण दिखाई दिए। परिजनों के अनुसार बच्चे को बार-बार सर्दी और खांसी होती थी, सांस लेने में तकलीफ रहती थी तथा उसका वजन भी उम्र के अनुसार नहीं बढ़ रहा था। लगातार कमजोरी के कारण परिवार चिंतित था, लेकिन आर्थिक स्थिति के चलते बड़े अस्पताल में उपचार कराना संभव नहीं हो पा रहा था। चिरायु टीम ने गंभीरता को समझते हुए तुरंत आवश्यक प्रक्रिया पूरी की और बच्चे को रायपुर स्थित हॉस्पिटल रेफर किया। वहां विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा पुनः विस्तृत जांच की गई, जिसमें हृदय रोग की पुष्टि हुई। डॉक्टरों की देखरेख में पूरन का सफल ऑपरेशन किया गया। पूरी उपचार प्रक्रिया शासन की योजना के अंतर्गत संपन्न हुई, जिससे परिजनों को आर्थिक बोझ नहीं उठाना पड़ा।

ऑपरेशन के बाद बच्चे के स्वास्थ्य में लगातार सुधार हुआ और अब वह पूर्ण रूप से स्वस्थ है। परिवार के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही है। परिजनों ने बताया कि पहले जहां बच्चा सामान्य गतिविधियां भी नहीं कर पाता था, वहीं अब वह अन्य बच्चों की तरह खेल-कूद रहा है और उसका स्वास्थ्य तेजी से बेहतर हो रहा है। इस सफलता पर बच्चे के पालकों ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कांकेर डॉ. आरसी ठाकुर, नरहरपुर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भूपेंद्र ध्रुव तथा चिरायु टीम के सदस्य डॉ. मंजू सिन्हा, डॉ. खेमराज पटेल, डॉ. प्रियंका उके, डॉ. हिमांशु तिवारी, रवि ठाकुर, फुलेश्वरी नेताम एवं चंद्रकांत साहू के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि चिरायु योजना ने उनके बच्चे को नया जीवन दिया है।

# स्वच्छता, विकास और जनसुविधा के कार्यों को दें प्राथमिकता : पाण्डेय

> ■ महापौर ने किया विभिन्न कार्यों का निरीक्षण

**जगदलपुर।** महापौर संजय पांडे ने आज शहर के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर विकास कार्यों, स्वच्छता व्यवस्था एवं शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम की टीम, एमआईसी मेंबर एवं पार्षदगण भी उपस्थित रहे। उन्होंने लालबाग स्थित झीरम घाटी शहीद स्मारक परिसर पहुंचकर मरम्मत कार्यों एवं साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह स्थल शहीदों की स्मृति से जुड़ा हुआ है इस कारण इसकी गरिमा के अनुरूप रखरखाव किया जाए तथा नियमित स्वच्छता सुनिश्चित की जाए। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड अंतर्गत मोहन नगर में 12 लाख रुपए की लागत से बनने वाली पुलिया का भूमिपूजन किया



गया। इस पुलिया के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी तथा आसपास के मोहल्लों का संपर्क सुगम होगा।

उपयुक्तता का किया परीक्षण

भूमि की स्थिति, उपयोगिता एवं भविष्य की योजनाओं के अनुरूप उपयुक्तता का परीक्षण किया गया। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित शासन की योजना सियान सदन के क्रियान्वयन हेतु प्रस्तावित स्थल का भी निरीक्षण किया गया।

# सिंचाई और पर्यटन को मिलेगा अभूतपूर्व बलः गागड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

छत्तीसगढ़ विधानसभा में वर्ष 2026-27 के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट में बीजापुर जिले के लिए ऐतिहासिक घोषणा की गई। जिले की जीवनरेखा कही जाने वाली इन्द्रावती नदी पर स्थित मट्टीमरका क्षेत्र में 110 करोड़ रुपये का बजट डायवर्सन स्वीकृत किया गया है। यह राशि सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और पर्यटन विकास को गति देने के उद्देश्य से प्रदान की गई है। यह घोषणा बीजापुर जैसे सुदूर वनांचल और आदिवासी बहुल जिले के लिए विकास का नया अध्याय मानी जा रही है। सिंचाई को मिलेगा सशक्त आधार - पूर्व मंत्रीमट्टीमरका परियोजना के तहत इन्द्रावती नदी के जल का बेहतर उपयोग कर आसपास के कृषि क्षेत्रों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे स्थानीय किसानों को वर्षभर खेती की संभावना बढ़ेगी, फसल उत्पादन में वृद्धि होगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। लंबे समय से सिंचाई संसाधनों की कमी झेल रहे ग्रामीण अंचलों के लिए यह बजट बड़ी राहत लेकर आया है। बीजापुर जिला प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है, घने वन, ऊंचे पहाड़, कल-कल बहती नदियां और मनोहारी दृश्य यहां की पहचान हैं। मट्टीमरका क्षेत्र में पर्यटन अवसंरचना के विकास से इन्द्रावती नदी के किनारे प्राकृतिक पर्यटन, ईको-टूरिज्म और साहसिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने इस ऐतिहासिक बजट प्रावधान के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह राशि बीजापुर के चहुंमुखी विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन और सिंचाई दोनों क्षेत्रों में यह निवेश जिले की तस्वीर बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



## खबर संक्षेप

### सावित्री बाई फुले सम्मान से अलंकृत हुईं गरिमा



**सरोना।** जिले के ग्राम सरोना की निवासी कुमारी गरिमा पोयाम को वर्ष 2026 के लिए प्रतिष्ठित प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें उनकी सुदीर्घ साहित्य सेवा, अनवरत कला साधना, उत्कृष्ट लेखन कर्म, सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता, देश सेवा की भावना, शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान तथा मानवीय शोध कार्यों के लिए प्रदान किया गया।

### दुर्गूकोंदल में चार दिनी मेला मड़ई आज से, तैयारियां पूरी

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड मुख्यालय दुर्गूकोंदल में 27 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित होने वाले वार्षिक मेला मड़ई के लिए भव्य तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। ग्राम पंचायत की सरपंच शकुंतला नरेटी और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मां शीतला की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ मेले का शुभारंभ होगा। इस चार दिवसीय आयोजन में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए आकाश झूला, ब्रेक डांस और ड्रैगन झूला जैसे प्रमुख साधन पहुंच चुके हैं, साथ ही खान-पान और घरेलू वस्तुओं की दुकानें भी मेला स्थल पर सज गई हैं। शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद यादव के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सरपंच ने क्षेत्रवासियों से इस सांस्कृतिक और धार्मिक उत्सव में शांतिपूर्वक शामिल होने की अपील की है ताकि परंपरा और सामाजिक एकता का यह प्रतीक उल्लास के साथ संपन्न हो सके।

### संसदीय मैत्री समूह में सांसद कश्यप को मिली जिम्मेदारी

**जगदलपुर।** 18वीं लोकसभा के लिए गठित 'भारत-नेपाल संसदीय मैत्री समूह' में बस्तर सांसद महेश कश्यप को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन करते हुए वे दोनों देशों के बीच संसदीय संवाद,आपसी सहयोग और मैत्री को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए संकल्पित हैं।

# आत्मसमर्पित माओवादी कृषि और कौशल क्षेत्र में बहुआयामी प्रशिक्षण से संवार रहे भविष्य

## 40 महिला-पुरुष आत्मनिर्भर जीवन की ओर अग्रसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

अलग खबर

विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के ग्राम चौगेल कैंप में आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौटे 40 महिला एवं पुरुष माओवादियों के लिए ऐसा ही एक सशक्त प्रयास जारी है। प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे इस बहुआयामी कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य इन युवाओं को रोजगारोन्मुख बनाकर आत्मनिर्भर और सम्मानपूर्ण जीवन की ओर अग्रसर करना है।

चौगेल कैंप में आत्मसमर्पित युवाओं को उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार ड्राइविंग, सिलाई, काष्ठशिल्प, इलेक्ट्रिशियन तथा कृषि आधारित आजीविका से जुड़े विविध कौशलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण केवल तकनीकी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और सामाजिक पुनर्स्थापन की मजबूत नींव भी प्रदान कर रहा है। कृषि विभाग द्वारा 25 से 27 फरवरी तक आयोजित तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण में कृषि को आजीविका के प्रभावी साधन के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। उप संचालक कृषि जितेंद्र कोमरा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान विभाग की प्रमुख रोजगारमूलक योजनाओं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, कृषक उन्नति योजना, बीज उत्पादन योजना, कृषि यंत्र एवं उपकरण सहायता, एग्रीकल्चर सब मिशन तथा पीएम किसान सम्मान निधि योजना की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही दलहन, तिलहन, रागी, कोदो, कुटकी एवं मक्का जैसी लाभकारी फसलों की आधुनिक खेती के तरीके भी सिखाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में सब्जी उत्पादन, फूलों की खेती के साथ पशुपालन विभाग के अंतर्गत मुर्गी पालन, शूकर पालन, बकरी पालन, दुग्ध व्यवसाय और मछलीपालन जैसी गतिविधियों पर भी विशेष मार्गदर्शन दिया जा रहा है, ताकि प्रतिभागी प्रशिक्षण के बाद तुरंत स्वरोजगार से जुड़ सकें।



### आत्मनिर्भरता से सम्मान की ओर

प्रशासन का यह प्रयास न केवल आर्थिक पुनर्वास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह समाज की मुख्यधारा में लौट रहे युवाओं के भीतर आत्मसम्मान और नई पहचान का भाव भी जगा रहा है। प्रशिक्षणार्थियों का कहना है कि यह अवसर उनके लिए नए जीवन की शुरुआत है, जिससे वे अपने परिवार का बेहतर भरण-पोषण कर समाज में सम्मानपूर्वक स्थान बना सकेंगे।

## निरीक्षण : अनुपस्थित शिक्षक को जारी होगा कारण बताओ नोटिस

# संवेदनशील गांवों में कलेक्टर ने योजनाओं की प्रगति देखी और मध्यान्ह भोजन की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिले के सुदूर और आदिवासी अंचलों में शासन की योजनाओं का वास्तविक प्रभाव जमीन पर कैसा है, इसे परखने कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर अंतागढ़ विकासखंड के कई गांव पहुंचे। कलेक्टर की यह सक्रियता न केवल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा थी, बल्कि ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक ठोस पहल भी मानी जा रही है।

कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी सबसे पहले तरांदुल पहुँचे और वहाँ के हायर सेकेंड्री, मिडिल एवं प्राइमरी स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया। छात्रों के लिए बन रहे मध्यान्ह भोजन का भी जाँच किया। इसके उपरांत सुदूरवर्ती ग्राम पंचायत कोतकुड़ के आश्रित ग्राम बागझर में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पदस्थ दिव्यांग सहायक शिक्षक गणेश गोटा उपस्थित पाए गए। कलेक्टर द्वारा पूछताछ करने पर विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने बताया कि गणेश गोटा नियमित रूप से विद्यालय आते हैं और बच्चों को सतत रूप से अध्यापन कराते हैं। उनकी लगन और जिम्मेदारी को देखते हुए कलेक्टर ने उनकी सराहना की और इसे अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणादायक बताया। हालांकि, निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पदस्थ सहायक शिक्षिका नीलम ध्रुव अनुपस्थित पाई गईं। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी को संबंधित शिक्षिका को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है और बच्चों के भविष्य से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। इसके बाद कलेक्टर ने ग्राम बड़ेपिंजोड़ी से बागझर तक निर्माणाधीन पुलिया का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता और उपयोगिता की बारीकी से समीक्षा की। साथ ही धनेली से बोड़ागांव के मध्य सेतु निर्माण संभाग द्वारा बनाए जा रहे पुल का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने कार्यपालन अभियंता राजेन्द्र सोनकर को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।





### मोबाइल मेडिकल यूनिट टीम से किया संवाद

*निरीक्षण के क्रम में कलेक्टर ने ग्राम धनेली के समीप पीएम जनमन योजना के तहत संचालित जागरूकता रथ (मोबाइल मेडिकल यूनिट) का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण की प्रक्रिया के बारे में मेडिकल स्टाफ से जानकारी ली और मौके पर मौजूद ग्रामीणों से संवाद किया। कलेक्टर ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए यह मोबाइल मेडिकल यूनिट अत्यंत उपयोगी और कारगर साबित हो रही है, जिससे समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो पा रही हैं।*

# युकां राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी के विरोध में पीएम का पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारामा

भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में चारामा युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन मंगलवार 24 फरवरी को शाम 6 बजे कोरार चौक में आयोजित किया गया।

युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुधांशु पांडेय के नेतृत्व मेंआयोजित इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए गिरफ्तारी को अलोकतांत्रिक एवं दमनात्मक कार्रवाई बताया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जबरन गिरफ्तारी लोकतंत्र की आवाज को दबाने का प्रयास है, जिसे कांग्रेस पार्टी और युवा कांग्रेस किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। युवा कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में जल्द उचित कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही। इस अवसर पर संतोष शिंदे, यशवंत नायक, रानू सेन, कैलाश कठोलिया, सुरेंद्र साधवानी, रवि मंगतानी, छोटू चौहान, लीकेश घिरतलहरे, सूरज कुरेटी, भूपेंद्र भूआर्य, मुकेश जैन, उदय निषाद, रोहन निषाद, रोहित कुंजाम, योगेश रजक, सौरभ यादव अन्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# जी राम जी योजना से सिवनी में तालाब निर्माण शुरू, ग्रामीणों को मिला रोजगार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

विकास खंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी में आज जी-रामजी के तहत हितग्राही विनोद कुमार के यहां तालाब निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में कार्य प्रारंभ हुआ और मजदूरों को योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्य प्रारंभ से पूर्व उपस्थित मजदूरों को जी राम जी योजना के उद्देश्य, मजदूरी दर, कार्य की समय-सीमा तथा पारदर्शिता संबंधी नियमों की जानकारी दी गई। बताया गया कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने तथा किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। तालाब निर्माण से न केवल हितग्राही को लाभ मिलेगा, बल्कि आसपास के खेतों की सिंचाई व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। योजना के अंतर्गत मजदूरों को निर्धारित मजदूरी सीधे उनके बैंक खातों में भुगतान की जाती है, जिससे पारदर्शिता बनी रहती है। साथ ही कार्यस्थल पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना भी अनिवार्य है। अधिकारियों ने मजदूरों को समय पर उपस्थिति दर्ज कराने, गुणवत्तापूर्ण कार्य करने और योजना के दिशा-निर्देशों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों ने कहा कि तालाब निर्माण से वर्षा जल का संचयन होगा, जिससे भविष्य में जल संकट की समस्या कम होगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलने से मजदूरों को पलायन की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। ग्राम पंचायत सिवनी में जी राम जी योजना के तहत प्रारंभ हुआ यह कार्य ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि योजना के सभी कार्य गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ पूर्ण किए जाएंगे, ताकि गांव को स्थायी विकास का लाभ मिल सके। इस अवसर पर युवा मोर्चा के सुदेश कुमार टोपा, सरपंच प्रतिनिधि मनसा राम मंडावी, वार्ड पंच जयसिंग महावीर, राजेंद्र कुमार, चतुर सिंह, समुला, नयनकूवर, चंद्रिका बाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं मजदूर उपस्थित रहें।

# लिखित शिकायत व कॉल रिकॉर्डिंग पर एफआईआर से नगर में उबाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

नगर में प्राइवेट बस के संचालक पर स्थानीय युवक को जान से मारने की कथित धमकी देने का मामला अब दस्तावेजी रूप ले चुका है। थाना भानुप्रतापपुर में दिए गए लिखित आवेदन और मोबाइल कॉल रिकॉर्डिंग के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद शहर में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

भानुप्रतापपुर निवासी शिवशंकर देहारी ने 26 फरवरी को थाना प्रभारी के नाम लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन में उल्लेख है कि 25 फरवरी को सुबह लगभग 9:45 बजे बस संचालन और सवारी बैठाने को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद दोपहर लगभग 11:20 बजे फोन पर कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए मार दूंगा जैसी धमकी दी गई। पूरी बातचीत की कॉल रिकॉर्डिंग उपलब्ध है। आवेदक ने रिपोर्ट दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।



थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख ने पुष्टि की है कि शिकायत और उपलब्ध रिकॉर्डिंग के आधार पर गाली-गलौज और मारपीट की धमकी से संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है, मामले की विवेचना जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही विभिन्न सामाजिक संगठनों में नाराजगी देखी गई। सनातन समाज के अध्यक्ष गौरव चोपड़ा ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने भी इसे गंभीर मामला बताते हुए चेतावनी दी है कि किसी भी प्रकार की धमकी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि मामले में त्वरित और ठोस कार्रवाई नहीं होती है, तो हबीब बस के संचालन का विरोध किया जा सकता है। नगर में बस के बहिष्कार और परिचालन रोकने की चर्चा भी तेज हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कानून व्यवस्था और आम नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। ऐसे में प्रशासन को पारदर्शी और निर्णायक कदम उठाने चाहिए। फिलहाल पूरा शहर इस मामले पर नजर बनाए हुए है।

### दंतेश्वरी महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव आज

**जगदलपुर।** शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय में 27 फरवरी को प्रातः 11 बजे महाविद्यालय प्रांगण में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह वार्षिक आयोजन छात्राओं की सांस्कृतिक,बौद्धिक एवं सृजनात्मक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, शैक्षणिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताएँ तथा अन्य आकर्षक गतिविधियाँ आयोजित होंगी।

# धर्म परिवर्तन के दबाव में पारिवारिक विवाद, दामाद ने सास से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

ग्राम बेवरती में पारिवारिक रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक दामाद ने न केवल अपनी सास के साथ मारपीट की, बल्कि पत्नी को तलाक देने की खुलेआम धमकी भी दी। घटना ने पूरे गांव में सनसनी फैला दी है। प्रार्थिया की शिकायत पर कांकेर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

- दामाद तलाक की धमकी देकर मारपीट करके हुआ फरार

थाना कांकेर पहुंची ग्राम बेवरती निवासी 48 वर्षीय रामेश्वरी साहू ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी भाविका साहू पिछले पांच महीनों से अपने पति कौशल कुमार साहू से अलग रह रही है। भाविका अपनी 19 माह की मासूम बच्ची के साथ मायके में रहकर किसी तरह जीवन यापन कर रही है। पीड़िता के अनुसार पति कौशल साहू लगातार पत्नी पर मसीही जीवन यानी ईसाई धर्म पद्धति अपनाने का दबाव बना रहा था। भाविका ने जब इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उसे घर से निकाल दिया। शिकायत में बताया गया कि 26 फरवरी की सुबह करीब साढ़े आठ बजे कौशल साहू बाड़ी के रास्ते घर में घुसने की कोशिश कर रहा था। रामेश्वरी साहू ने जब उसे घर में आने से मना किया, तो वह उग्र हो गया। आरोपी ने सरेराह गाली-गलौज शुरू कर दी और हाथ-मुक्कों से उनकी पीठ पर वार किया। मारपीट के दौरान उसने धमकी दी कि मेरी बीवी-बच्चों को ढंग से रखो, नहीं तो मैं तलाक दे दूंगा। इस घटना से पीड़िता और परिवार दहशत में आ गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।




मामले की गंभीरता को देखते हुए कांकेर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 115(2) और 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# विकसित भारत योजना की तुएगहन में दी गई जानकारी

**चारामा।** चारामा विकास खंड के ग्राम पंचायत तुएगहन में विकसित भारत रोजगार गारंटी अधिनियम के प्रति जागरूकता लाने के लिए भाजपा मंडल हाराडूला के कार्यकर्ताओं ने एक विशेष अभियान चलाया।

इस दौरान पदाधिकारी सीधे कार्यस्थल पर पहुंचे और वहां काम कर रहे ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें योजना की बारीकियों से अवगत कराया। कार्यस्थल पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मंडल संयोजक टीकम साहू और अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार की इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को सुदृढ़ करना और विकास की मुख्यधारा से हर नागरिक को जोड़ना है। कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को उनके अधिकारों और गारंटीड रोजगार के प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और संगठन के सदस्य सक्रिय रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से टीकम साहू, तेजेश्वरी सिन्हा, राकेश यादव, महावीर सिन्हा, प्रताप पटेल, रामकुमार कुरैटी, भुनेश्वर सिन्हा, चंद्रहास सिन्हा, मधुसूदन कुमेटी, गिरधारी ध्रुव व अन्य लोग उपस्थित रहें।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज


स्वामी जी 93406-38884
By Train - रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री
यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ
यात्रा दिनांक
18 अप्रैल 2026
02 मई 2026
18 मई 2026
02 जून 2026
15 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ₹ 24,500/- ऑफर ₹ 22,500/- 3AC ₹ 32,500/- ऑफर ₹ 29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
✆ 9111111866, 8275757579
Head Office: ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई, 22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411